Government of India
Ministry of Earth Sciences
India Meteorological Department
Meteorological Centre Jaipur

भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
भारत मौसम विज्ञान विभाग
मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर

# प्रैस विज्ञप्ति

**समय: 1300 IST** **दिनांक: 14 जुलाई, 2025**

**विषय : राज्य के दक्षिणी व पूर्वी भागों में अत्यंत भारी बारिश अलर्ट (Red Alert) I**

**1. वर्तमान परिस्थिती/Current Meteorological features:**

- **The low-pressure area over northwest Madhya Pradesh and adjoining east Rajasthan moved slowly west-northwestwards and lay as a well-marked Low-Pressure area over northeast Rajasthan & adjoining northwest Madhya Pradesh at 0830 hrs IST of today, the 14th July, 2025. The associated upper air cyclonic circulation extended upto 7.6 km above mean sea level. It is likely to move further slowly west-northwestwards across Rajasthan during next 2 days.**

- **The monsoon trough at mean sea level now passes through Bikaner, center of a well-marked low-Pressure area over northeast Rajasthan & adjoining northwest Madhya Pradesh, Siddhi, Ranchi, center of well-marked low-pressure area over southeast Gangetic West Bengal and adjoining Bangladesh.**

- **मध्यप्रदेश के ऊपर बना परिसंचरण तंत्र तीव्र होकर कम दबाव का क्षेत्र बन गया व आज उ. पूर्वी राजस्थान व आसपास मध्यप्रदेश के ऊपर बना हुआ है। इसके आगामी 2-3 दिनों में धीरे-धीरे पश्चिमी राजस्थान की ओर आगे बढ़ने की प्रबल संभावना है। इसके प्रभाव से पिछले 24 घंटो में कोटा, उदयपुर, जोधपुर संभाग के कुछ भागों में भारी, अतिभारी बारिश दर्ज हुई है। सर्वाधिक बारिश खातोली, कोटा में 198 मिमी, पश्चिमी राजस्थान के पाली में 167 मिमी दर्ज की गई है।**

**2. भारी बारिश चेतावनी/Heavy rainfall Warning:**

- **आज कोटा, अजमेर, जयपुर उदयपुर संभाग के कुछ भागों में भारी व अतिभारी बारिश व कहीं-कहीं अत्यंत भारी बारिश (Extremely Heavy Rainfall 205mm से अधिक) होने की भी संभावना है। जयपुर, भरतपुर, बीकानेर संभाग के कुछ भागों में भी मध्यम से तेज व कहीं-कहीं भारी बारिश होने की संभावना है।**

- **15 जुलाई को कोटा, अजमेर, जोधपुर संभाग के कुछ भागों में भारी, अतिभारी बारिश व कहीं-कहीं अत्यंत भारी बारिश होने की संभावना है। बीकानेर जयपुर भरतपुर संभाग में कहीं-कहीं मध्यम से भारी बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है।**
- **16 जुलाई को जोधपुर, बीकानेर, अजमेर संभाग के कुछ भागों में भारी बारिश व कहीं कहीं-कहीं अतिभारी बारिश होने की प्रबल संभावना है।**

- **पूर्वी राजस्थान में भारी बारिश की गतिविधियों में 17 जुलाई व पश्चिमी राजस्थान में 18 जुलाई से कमी दर्ज होने की प्रबल संभावना है।**

**Government of India**
**Ministry of Earth Sciences**
**India Meteorological Department**
**Meteorological Centre Jaipur**

**भारत सरकार**
**पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय**
**भारत मौसम विज्ञान विभाग**
**मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर**

---

### 3. मेघगर्जन वज्रपात चेतावनी/Thunderstorm, lightning Warning:

- **आगामी दिनों मेघगर्जन के साथ कहीं-कहीं आकाशीय बिजली/वज्रपात होने की भी संभावना है।**

### 4. संभावित प्रभाव / Impact expected :

- भारी बारिश से निचले इलाकों व अंडरपासों में कंही-कंही जल भराव हो सकता है ।
- सड़कों पर जलभराव के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित हो सकती है ।
- भारी वर्षा के कारण दृश्यता में कभी-कभी कमी होने से यातायात दुर्घटना होने की सम्भावना बढ़ जाती है ।
- बरसाती नदी नालों में पानी की आवक बढ़ने की संभावना है ।

### 5. सुझाव / Action suggested:

- वर्षा के समय जल भराव क्षेत्र में लगे बिजली के खंबों से दूरी बना कर रखें तथा वाहन सावधानी से चलाएं।
- कृषि मंडियों में रखे जींस व अनाज को ढककर ऊंचाई वाले स्थान पर रखें ताकि उन्हें भीगने से बचाया जा सके ।
- मेघगर्जन के समय पेड़ों के नीचे शरण न लेवें |


## 24 Hours Flash Flood Risk

**24 hours Outlook for the Flash Flood Risk (FFR) till 0530 IST of 15-07-2025 :**

**Low to Moderate flash flood risk** likely over few watersheds & neighbourhoods of following Met Sub-divisions during next 24 hours.

**East Rajasthan** - Ajmer, Banswara, Bhilwara, Bundi, Chittaurgarh, Dungarpur, Jhalawar, Pratapgarh, Rajsmand, Sirohi and Udaipur districts.
**West Rajasthan** - Barmer, Jaiselmer, Jodhpur, Nagaur and Pali districts.
**Adjoining West Madhya Pradesh** - Mandsaur, Nimach and Ratlam districts.

Surface runoff/ Inundation may occur at some fully saturated soils & low-lying areas over Area of Concern (AoC) as shown in map due to expected rainfall occurrence in next 24 hours.




**नोट: जिलावार विस्तृत चेतावनी हेतु कृपया [https://mausam.imd.gov.in/jaipur/](https://mausam.imd.gov.in/jaipur/) अवलोकन करें।**

**राधेश्याम शर्मा**
**प्रमुख, मौसम केंद्र जयपुर**


**LEGEND: Heavy Rainfall: 64.5 to 115.5mm, Very Heavy Rainfall: 115.6 to 204.4mm Most Places: more than 76% of total stations, Isolated Places: Less than 25% of total**


## District wise Heavy Rainfall warning map


**वेबसाइट**:https://mausam.imd.gov.in/jaipur/
**Contact Number: 0141-2790194 / 2793254, email: mcjaipur@rediffmail.com**


Government of India
Ministry of Earth Sciences
India Meteorological Department
Meteorological Centre Jaipur


भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
भारत मौसम विज्ञान विभाग
मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर




**चेतावनी स्तर:**

- कोई चेतावनी नहीं
- भारी वर्षा
- अति भारी वर्षा
- अत्यंत भारी वर्षा

**वेबसाइट**:https://mausam.imd.gov.in/jaipur/
**Contact Number: 0141-2790194 / 2793254, email: mcjaipur@rediffmail.com**